अमर उजाला

Date: 29.07.2025



सीआरएसयू में विद्यार्थियों के साथ मौजूद कुलपति प्रो. रामपाल सैनी। स्रोत : सीआरएसयू

# नैनो कंपोजिट्स पर आधारित शोध प्रकाशित

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में पीएचडी शोधार्थी राहुल पटवा और ज्योति सैनी ने अपने गाइड और सुपरवाइजर डॉ. सुनील रोहिल्ला के मार्गदर्शन में एक महत्वपूर्ण शोध पत्र प्रकाशित किया है। इस शोध पत्र का शीर्षक है ऑप्टिमाइज्ड नैनोकंपोजिट फॉर यूवी असिस्टेड डिग्रेडेशन ऑफ मिथाईलीन ब्लू फोटो कैटेलिटिक इन्वेस्टिगेशन। यह पत्रिका पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए नैनोकंपोजिट के उपयोग पर केंद्रित है। यह अध्ययन अपशिष्ट जल उपचार के लिए एक प्रभावी, पर्यावरण अनुकूल समाधान प्रदान करता है और नैनो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक नया आयाम जोड़ता है। संवाद